

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट का नया वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने उतरेगा अफगानिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के बाद भारत को छोड़कर अन्य टीमों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने वाली अफगानिस्तान की टीम वेस्ट इंडीज के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। अफगानिस्तान और वेस्ट इंडीज की टीमें लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में यह मैच खेलेंगी। अफगानिस्तान इसे घरेलू मैदान के तौर पर उपयोग कर रहा है। वनडे सीरीज में हार के बाद टी20 सीरीज में वेस्ट इंडीज को पटकनी देने वाली अफगानिस्तान की टीम इस टेस्ट को जीतकर अपने शुरुआती चार टेस्ट मुकाबलों में से तीन को जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बनना चाहेगी। अफगानिस्तान ने पिछले साल भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट गंवाने के बाद आयरलैंड और बांग्लादेश को हराया था। अगर वह इस टेस्ट में वेस्ट इंडीज को हरा देती है तो नया कीर्तिमान रच देगा। स्पिनरों के लिए की मददगार पिच पर बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा होने के आसार हैं।

# धोनी पर कयास लगाने के बजाए आईपीएल तक का इंतजार करें

**क्रिकेट**

### वर्ल्ड कप टीम चुनने से पहले अन्य विकेटकीपरों के प्रदर्शन पर ही होगी नजरः कोच

वनडे वर्ल्ड कप 2019 के बाद से ही क्रिकेट के मैदान से दूर हैं एमएस धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



कोलकाता। टी20 फॉर्मेट में भारतीय टीम की निगाह अब अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले वर्ल्ड कप पर है। क्रिकेट फैन्स और जानकारों की नजरें इन दिनों महेंद्र सिंह धोनी पर हैं क्योंकि धोनी 2019 वर्ल्ड कप के बाद से ही मैदान पर दिखाई नहीं दिए हैं। सीमित ओवर क्रिकेट खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान करीब 4 महीने से ब्रेक पर हैं और इंटरनैशनल क्रिकेट में वह वापसी कब करेंगे यह भी एक अबूझ पहेली बनी हुई है। इस बीच टीम इंडिया के कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि लोगों को धोनी पर कोई भी राय बनाने से पहले आईपीएल 2020 तक इंतजार करना चाहिए। भारतीय क्रिकेट फैन्स और क्रिकेट के जानकारों के मन में धोनी को लेकर एक ही सवाल है कि क्या टीम के पूर्व कप्तान धोनी वर्ल्ड कप मिशन पर जाने वाली उस भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया की उड़ान भरेंगे? कोच ने कहा कि सभी को इसके लिए आईपीएल का इंतजार करना चाहिए। रवि शास्त्री के मुताबिक, यह निर्भर करता है कि वह कब खेलना शुरू करते हैं और आईपीएल में कैसा खेलते हैं। वहीं दूसरे खिलाड़ी विकेटकीपिंग में क्या कर रहे हैं और धोनी के मुकाबले उनकी फॉर्म क्या है। आईपीएल बड़ा टूर्नामेंट होगा क्योंकि आपके लगभग 15 खिलाड़ी तय हो चुके होंगे। उन्होंने कहा, मैं कह सकता हूं कि आईपीएल के बाद आपकी टीम लगभग तय हो जाएगी। साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि कौन कहां है इस बारे में कयास लगाने के बजाए आईपीएल तक का इंतजार करें। इसके बाद ही आप फैसला करने की स्थिति में होंगे कि देश में सर्वश्रेष्ठ 17 कौन हैं।

कोच रवि शास्त्री को आज भी टीम इंडिया के वर्ल्ड कप 2019 के सेमीफाइनल में हारने का मलाल है। उस हार को याद करते हुए उन्होंने कहा, श्मैनचेस्टर में उन 15 मिनट के बाद से टीम ने दमदार वापसी की है। उसे पचा पाना आसान नहीं था। बीते तीन महीनों में टीम ने जो जुझारूपन दिखाया है वो अविश्वस्नीय है। इसलिए मैं कहता हूं कि अगर आप 5-6 साल पीछे देखते हैं तो यह एक ऐसी टीम है, जो सभी प्रारूप में निरंतर रही है।

शास्त्री मानते हैं कि अतीत को बदला नहीं जा सकता, लेकिन आगे की मंजिल पर अगले साल होने वाला टी20 विश्व कप है और अगर उसमें जीत मिलती है तो यह विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम अजेय के तमगे को और मजबूत करेगी।

# दलीप ट्रॉफी में नहीं दिखती टीम भावना, गांगुली इसमें सुधार करेंगे

अपने व्यक्तिगत हितों को ध्यान में रखकर खेलते हैं खिलाड़ीः सचिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



कोलकाता। चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर का मानना है कि दलीप ट्रॉफी में खिलाड़ियों का ध्यान टीम से अधिक व्यक्तिगत प्रदर्शन पर रहता है। सचिन ने उम्मीद जताई है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली को इसमें बदलाव करना चाहिए। तेंडुलकर ने कहा, श्मैं चाहता हूं कि गांगुली दलीप ट्रॉफी को देखें। यह ऐसा टूर्नामेंट है कि खिलाड़ी अपने प्रदर्शन और अगले टूर्नामेंट पर ज्यादा फोकस करते हैं और उसी के अनुसार खेलते हैं।

उन्होंने कहा, यदि आईपीएल की नीलामी है या टी20 टूर्नामेंट या वनडे है तो खिलाड़ी उसी तरह से खेलते हैं। वे टीम के लिए नहीं खेलते। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। दलीप ट्रॉफी पांच टीमों का क्षेत्रीय टूर्नामेंट था लेकिन अब इसमें इंडिया ब्लू, इंडिया ग्रीन और इंडिया रेड टीमें राउंड रॉबिन प्रारूप में खेलती हैं। तेंडुलकर ने कहा, मैं इसमें बदलाव देखना चाहता हूं क्योंकि क्रिकेट हमेशा से टीम का खेल रहा है। यह टीम भावना और एक टीम के रूप में साथ खेलने को लेकर है। इसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन पर फोकस नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसे रणजी ट्रॉफी फाइनल के तुरंत बाद खेला जाना चाहिए और उन चार टीमों के बीच होना चाहिए जो सेमीफाइनल तक पहुंची हैं और पूरा सत्र साथ में खेली हैं। उन्होंने कहा, शीर्ष चार रणजी टीमों के साथ दो और टीमें इसमें हों क्योंकि ऐसी कई टीमें होंगी, जिनमें प्रतिभाशाली खिलाड़ी होंगे लेकिन क्वॉलिफाइ नहीं कर पातीं। अंडर 19, अंडर 23 अलग–अलग टीमों से इन खिलाड़ियों को लिया जा सकता है।

## भारतीय तीरंदाजों ने एशियाई चैंपियनशिप में जीते तीन कांस्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। अतनु दास की अगुवाई में भारतीय तीरंदाजों ने मंगलवार को एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते जबकि कम से कम तीन रजत पदक पक्के किये। भारतीय तीरंदाजी महासंघ के निलंबन के कारण भारत के खिलाड़ी विश्व तीरंदाजी संघ के ध्वज तले खेल रहे हैं। दास ने सबसे पहले पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कोरिया के जिन हायेक ओह को कांस्य पदक के शूटआफ मुकाबले में 6–5 से हराया। सोमवार को मिश्रित रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी के साथ कांसा जीतने वाले दास ने बाद में पुरुष रिकर्व टीम के साथ भी पदक हासिल करके कांस्य पदक की हैट्रिक पूरी की। दास ने सीनियर खिलाड़ी तरुणदीप राय और जयंत तालुकदार के साथ मिलकर कांस्य पदक मुकाबले में चीन को 6–2 से हराया। दीपिका कुमारी, लेशराम बोम्बायला देवी और अंकिता भक्त की रिकर्व महिला टीम ने जापान को 5–1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत की यह टीम इससे पहले सेमीफाइनल में कोरिया से 2–6 से हार गयी थी। भारत के तीन तीरंदाज कंपाउंड वर्ग के फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। फाइनल बुधवार को खेले जाएंगे।

## न्यूज डायरी



### स्टीव स्मिथ के करीब पहुंचे विराट कोहली, मयंक अग्रवाल पहली बार टॉप 10 में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी ने मंगलवार को टेस्ट रैंकिंग जारी की है। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर मयंक अग्रवाल ने अपने दोहरे शतक और जबर्दस्त बल्लेबाजी की बदौलत टॉप 10 में जगह बना ली है। मंगलवार को आईसीसी ने रैंकिंग जारी की है जिसमें टॉप 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी मौजूद हैं। इसमें विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे और मयंक अग्रवाल का नाम है। बल्लेबाजी के मामले में स्टीव स्मिथ 931 अंकों के साथ टॉप पर हैं और बेन स्टोक नंबर 9 पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिंग में विराट कोहली नंबर दो पर हैं। इसमें पांच स्थानों तक कोई बदलाव नहीं हुआ है। विराट और स्टीव स्मिथ के बीच अब तीन अंक का ही अंतर रह गया है। मयंक अग्रवाल पहले 13वें स्थान पर थे लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाने के बाद वह 10वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं रोहित शर्मा तीन स्थान नीचे चले गए हैं और टॉप 10 में जगह नहीं बना पाए।

### सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चौंपियनशिप में भाग लेंगी विनेश और साक्षी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जालंधर। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक जालंधर में 29 नवंबर से एक दिसंबर के बीच होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चौंपियनशिप में महिला वर्ग में आकर्षण का केंद्र होंगी। इस चौंपियनशिप में 500 से अधिक पहलवान पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाएंगे। महिला वर्ग में भाग लेने वाली खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपिक में पदक की दावेदार विनेश (55 किग्रा), ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक (62 किग्रा), उदीयमान दिव्या काकरान (68 किग्रा), सीमा बिस्ला (50 किग्रा), सरिता मोर (57 किग्रा) और नवजोत कौर (65 किग्रा) प्रमुख हैं। इस टूर्नामेंट में कुछ रोमांचक मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। दिव्या काकरान को 68 किग्रा में पिंकी से कड़ी चुनौती मिल सकती है।

### पीबीएल नीलामी में सिंधू, ताइ जू के लिए सर्वाधिक 77 लाख रुपये की बोली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। विश्व चैंपियन पीवी सिंधू को यहां प्रीमियर बैडमिंटन लीग के पांचवें सत्र की नीलामी में मंगलवार को हैदराबाद हंटर्स ने 77 लाख रुपये की बोली लगाकर अपने साथ बरकरार रखा। दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग के लिए गत चैंपियन बेंगलुरू रैपटर्स ने 77 लाख रुपये की संयुक्त रूप से सर्वोच्च बोली लगाई। रैपटर्स ने बोली में पुणे 7 एसेस को पछाड़कर ताइ जू को अपने साथ जोड़ा। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बी साई प्रणीत को रैपटर्स की टीम ने 32 लाख रुपये खर्च करके अपने साथ बरकरार रखा। चेन्नई सुपरस्टार्ज ने पुरुष युगल खिलाड़ी बी सुमित रेड्डी को 11 लाख रुपये जबकि पुणे 7 एसेस ने चिराग शेट्टी को 15 लाख 50 हजार रुपये खर्च करके अपने साथ जोड़े रखा। दुनिया की नौवें नंबर की अमेरिकी महिला एकल खिलाड़ी बेइवान झेंग भी अवध वारियर्स के साथ बकरार रहेंगी जिनके लिए टीम ने 39 लाख रुपये खर्च किए।

### खेतों में काम करने वाली लड़की ने क्रास कंट्री के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** औरंगाबाद (महाराष्ट्र)। कपास के खेतों में काम करने वाली 15 साल की लड़की ने राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चौंपियनशिप के लिए क्वॉलिफाइ किया है। इस चौंपियनशिप का आयोजन स्कूल खेल महासंघ अगले महीने पंजाब में करेगा। औरंगाबाद जिले की बाबुलगांव बुदरुक गांव की गायत्री सुखदेव गायकवाड़ के लिए स्कूल जाने के अलावा खेतों में कपास चुनना दिनचर्या में शामिल है। उन्होंने हाल ही में पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा में आयोजित राज्यस्तर की क्रॉस कंट्री में जीत दर्ज कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वॉलिफाइ किया। उनके कोच और शिक्षक सतीश पाटिल ने बताया, गायत्री का घुटना चोटिल था।